ई–मेल/स्पीड पोस्ट

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ–226027

संख्या ई– 3356/32–जी0एस0/बैठक–2021.
दिनांक: 28 मई, 2021.

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1– कुलपति, डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
2– कुलपति, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर
3– कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
4– कुलपति, उ0प्र0 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर
5– कुलपति, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ
6– कुलपति, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर
7– कुलपति, डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास, विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ
8– कुलपति, प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज
9– कुलपति, ख्वाजा मुईनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ

विषयः– मा0 कुलाधिपति जी की अध्यक्षता में ऑनलाइन (Online) बैठक आहूत करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मा0 कुलाधिपति जी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य के उपर्युक्त विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, कुलसचिव, वित्त नियंत्रक तथा परीक्षा नियंत्रक के साथ निम्नानुसार ऑनलाइन (Online) बैठक आहूत की गई है:–

बैठक में सम्बन्धित कुलपति द्वारा निम्नलिखित विषयों पर एक प्रस्तुतीकरण (Presentation) किया जायेगा :–

1. अध्यापकों की नियुक्तियों में पारदर्शिता लाये जाने के सम्बन्ध में इस सचिवालय के आदेश दिनांक 18 मई, 2021 के अनुपालन में की गयी कार्यवाही का विवरण।
2. महालेखाकार द्वारा लगायी गयी आपत्तियों के निराकरण के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय स्तर से की गयी कार्यवाही/प्रगति का विवरण।
3. लम्बित डिग्री/प्रमाण–पत्रों के वितरण के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा की गयी कार्यवाही/प्रगति का विवरण।
4. वित्तीय वर्ष 2021–22 में महिला अध्ययन केन्द्र के माध्यम से संचालित होने वाली गतिविधियों के बारे में इस सचिवालय के आदेश दिनांक 28 मई, 2021 के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा की गयी कार्यवाही/प्रगति का विवरण।
5. विश्वविद्यालयों के आवासीय परिसर में विश्वविद्यालय के अध्यापकों/कर्मचारियों के अलावा विश्वविद्यालय से बाहर के अन्य लोगों को आवास आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में आख्या।
6. वर्तमान में चल रहे कोरोना के टीका उत्सव का आयोजन।

7. अकादमिक सत्र 2020–21 की परीक्षाओं का आयोजन तथा नए अकादमिक सत्र 2021–22 के आरम्भ करने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही कार्यवाही/प्रगति का विवरण।
8. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2019 के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही/प्रगति का विवरण।

उक्त प्रस्तुतीकरण पूर्णतया सारगर्भित तथा स्वतः पूर्ण होना चाहिए। उचित होगा कि उक्त प्रस्तुतीकरण एक पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के रूप में रखा जाये।

ऑनलाइन (Online) बैठक का निर्धारण निम्नवत् किया गया है:–

क्र0	दिनांक	समय	विश्वविद्यालय का नाम
1	31.05.2021	10:00 (पूर्वाह्न)	दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर
		11:00 (पूर्वाह्न)	चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
		12:00 (मध्याह्न)	डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
2	01.06.2021	10:00 (पूर्वाह्न)	उ0प्र0 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर
		11:00 (पूर्वाह्न)	प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज
		12:00 (मध्याह्न)	चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर
3	02.06.2021	10:00 (पूर्वाह्न)	डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास, विश्वविद्यालय, लखनऊ
		11:00 (पूर्वाह्न)	किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ
		12:00 (मध्याह्न)	ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ

इस सम्बन्ध मुझे आपसे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्तानुसार निर्धारित ऑनलाइन (Online) बैठक से कम से कम एक दिन पूर्व कुलपति द्वारा किये जाने वाले प्रस्तुतीकरण (Presentation) से सम्बन्धित विवरण अनिवार्य रूप से rajbhavan.up.mis@gmail.com पर मा0 कुलाधिपति महोदया के उपयोगार्थ प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(महेश कुमार गुप्ता)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. उपरोक्त विश्वविद्यालयों के कुलसचिवगण।
2. विशेष कार्याधिकारी (आई0टी0) को इस आशय से कि कृप्या संबंधित कुलपतिगण से विवरण पुस्तिका प्राप्त कर 3 प्रतियों में प्रिन्टआउट उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा उपरोक्तानुसार वर्चुवल बैठक का भी आयोजन कराने का कष्ट करें।
3. परिसहाय श्री राज्यपाल।

(डा0 पंकज जानी) 29/05/21
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी